सात करोड़ 66 लाख की लागत से बनेगा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट

सतना-नागौद रोड पर करबला कब्रिस्तान के पीछे बनेगा प्लांट, नागौद की अमरन नदी होगी प्रदूषण मुक्त

नवभारत न्यूज

नागौद 15 जुलाई। नगर की जीवनदायिनी अमरन नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। नगर परिषद द्वारा 7 करोड़ 66 लाख की लागत से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा।

क्या है पूरी योजना

लागत और योजना - राष्ट्रीय स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के उपयोगिता जल ऐप्रबंधन परियोजना के अंतर्गत यह प्लांट बनेगा।

स्थान- ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण नदी के किनारे, करबला कब्रिस्तान के पीछे किया जाएगा।

समय सीमा- निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। सब कुछ ठीक रहा तो 1 साल के भीतर प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा।

क्यों जरूरी था यह प्लांट- नगर से निकलने वाले लगभग आधा दर्जन से ज्यादा नालों का गंदा पानी सीधे अमरन नदी में गिरता है। इससे नदी का पानी प्रदूषित हो रहा था व जलीय जीव मर रहे थे और बढ़ती आबादी को स्वच्छ पेयजल की समस्या था।

प्लांट से क्या फायदा होगा- प्रदूषण रुकेगा- नगर के गंदे पानी और सीवेज को वैज्ञानिक तरीके से साफ कर नदी में जाने से रोका जाएगा।

पानी का रियूज- ट्रीटमेंट के बाद साफ पानी का उपयोग सिंचाई और निर्माण कार्यों में किया जा सकेगा।

अमरन नदी स्वच्छ होगी- नदी फिर से साफ और जीवनदायिनी बनेगी। इस राष्ट्रीय योजना को मंजूरी दिलाने में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा यतेंद्र सिंह का विशेष प्रयास रहा।

पदोन्नति सूची में कई व्याख्याताओं के नाम नहीं

सेवानिवृत्ति से पहले पदोन्नति को लेकर बढ़ी चिंता

नवभारत न्यूज

अमदरा 15 जुलाई। लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा 12 जुलाई 2026 को व्याख्याता संवर्ग से हाई स्कूल प्राचार्य पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया है।

हालांकि, इस सूची में सतना जिले के कई पात्र व्याख्याताओं के नाम शामिल नहीं होने से शिक्षकों में असमंजस और नाराजगी का माहौल है। प्रभावित व्याख्याताओं का कहना है कि उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित पात्रता और सेवा संबंधी शर्तों को पूरा किया है, इसके बावजूद उनके नाम पदोन्नति सूची में नहीं हैं। इससे पदोन्नति प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। शिक्षकों ने मांग की है कि यदि किसी तकनीकी, अभिलेखीय या प्रशासनिक कारण से उनके नाम छूटे हैं, तो विभाग तत्काल इसकी समीक्षा कर संशोधित सूची जारी करे।सबसे बड़ी चिंता उन व्याख्याताओं को लेकर है, जो इसी माह सेवानिवृत्त होने वाले हैं। यदि उन्हें समय रहते पदोन्नति का लाभ नहीं मिलता, तो वे उच्च पद के वेतनमान और उससे जुड़े सेवानिवृत्ति लाभों से वंचित रह सकते हैं। ऐसे में प्रभावित शिक्षकों ने विभाग से शीघ्र निर्णय लेने और पात्र व्याख्याताओं को समय पर पदोन्नति का लाभ देने की मांग की है।

अब सभी की निगाहें लोक शिक्षण संचालनालय पर टिकी हैं कि वह इस मामले में क्या स्पष्टीकरण देता है और क्या छूटे हुए पात्र व्याख्याताओं के लिए संशोधित पदोन्नति सूची जारी कर उनकी वर्षों की सेवा के अनुरूप न्याय सुनिश्चित करता है।

बस स्टैंड में गांजा, सट्टा शराब सहित तीनों का दिखाई देता है संगम

नवभारत न्यूज

उचेहरा 15 जुलाई। यह कोई चौकाने वाली बात नही कि उचेहरा के बस स्टैंड में गांजा, सट्टा और शराब की बोतल खोलते नही दिखा जा सकता है इन सब के लिए यहां का सबसे महफूज ठिकाना पुरानी गल्ला मंडी और गांधी स्मारक के पास की गली बनी हुई है, शाम ढलते ही इन तीनो का संगम होते कोई भी देख सकता है।

शराब के नशेडी शाम ढलते ही कही ठेले गुमटियों के पास तो कभी रोड में नशे से धुत प? ही मिल जाएंगे स्थानीय निवासियों की माने तो अक्सर बस स्टैंड परिसर में खुलेआम बोतल खोलते और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते लोग दिखाई दे ही जायेंगे लेकिन इनके विरुद्ध कोई ठोस अभियान जब तक नही चलाया जाएगा इस तरह का नजारा दिखता ही रहेगा इस कारण से खास कर युवा पीढी भी नशे के आगोश में समाती जा रही है।

बस स्टैंड में इस तरह के नजारे से बाहर से आने जाने वालों यात्रियों के प्रति जहां नगर की छवि खराब होती है वहीं पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सीधा सवाल उठना लाजिमी है ? स्थानीय नागरिकों और सामाजिक बन्धुओ ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि बस स्टैंड के पूरे परिसर में नियमित गश्त बढ़ाते नशा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए जिससे सार्वजनिक सुरक्षा चाक चौबंद बनी रहे ।

प्रवेशोत्सव पर छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

मुकुन्दपुर शासकीय कन्या उच्चतर हायर सेकेंन्डरी स्कूल में दादा भाई डॉ .राजेन्द्र सिंह मुख्य अतिथ्य में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

मुकुन्दपुर 15 जुलाई। मैहर जिले के अमरपाटन विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुकुन्दपुर में विधायक डॉ.राजेन्द्र सिंह(दादा भाई(पूर्व वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष) के मुख्य अतिथि एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक गणों एवं विद्यालय परिवार एवं छात्राओं की उपास्थिति में प्रवेशोत्सव एवं सायकल वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

दादा भाई और प्राचार्य रामश्री यादव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। वहीं बालिकाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में शिक्षक चंद्रदेव मिश्रा के द्वारा सुनहरे गीत के माध्यम से विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण मांग की गयी वही शिक्षिका स्नेह लता सिंह के द्वारा गीत के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा हेतु उत्प्रेरित किया गया।वही प्राचार्या रामश्री यादव के द्वारा स्कूल की समस्यायों से अवगत कराते हुए विभिन्न मांग प्रस्तुत की गयी।वही दादा भाई के द्वारा अपने उद्बोधन मे आरो मशीन(फिल्टर वाटर)जल्द दिये जाने का आश्वासन दिया गया।और मौके पर तहसीलदार को फोन कर स्कूल को खसरे के कालम में दर्ज करने को कहा गया।साथ ही समस्त समस्यायों का निदान तत्काल प्रभाव से कराये जाने का आश्वासन दिया गया।विदित हो कि शासकीय प्राथमिक बालक स्कूल की जमीन का अंश भाग निजी भूमिस्वामी

के नाम हटाकर शासकीय प्राथमिक पाठशाला भू अभिलेख में दर्ज करने को भी कहा गया।

निजी भूमिस्वामी के नाम रीवा मे करहिया मंडी के पास आलीशान माकान बना हुआ है और पांडेन टोला रीवा में भी माकान बना हुआ है। यह सब होते हुए भी सम्पन्न व्यक्ति बांस दखलाकार अधिनियम के तहत पूर्व पदस्थ एसडीएम के.के.पाण्डेय को गुमराह कर स्कूल की भूमि का नामान्तरण कराया गया है।वहीं शिक्षक परिवखर के द्वारा शासकीय पूर्व मिध्यमिक विद्यालय मुकुन्दपुर में बाउण्डरीबाल ,गेट, पेवर ब्लाक बिछाने और शौचालय भवन बनवाने की भी मांग रखी गयी।कार्यक्रम का आभार वरिष्ठ शिक्षक मदन कुमार प्रजापति के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विधायक दादा भाई के द्वारा बालिकाओं को सायकल वितरण कराया गया।और बालिकाओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य विभाग) रघुनाथ साकेत ,विधायक प्रतिनिधि राजेश तिवारी (राजू), मनीष चतुर्वेदी (पपरा), घनश्याम ताम्रकार, कैलास प्रसाद रावत,और भारी संख्या में छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

पीएमश्री विद्यालय में निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

नवभारत न्यूज

मैहर 15 जुलाई। आज पी. एम. श्री.शास.उच्च. माध्य. विद्या.नादन स्कूल में नशा मुक्ति अभियान 2.0 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक आर.पी.रावत, प्र. आर. 84 प्रदीप मिश्रा, म. प्र. आर. आशा त्रिपाठी, म. आर. अंकिता द्विवेदी एवं म. आर. मंजू सिंह द्वारा विद्यालय के प्राचार्य श्री लक्ष्मी नारायण द्विवेदी एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों तथा नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन जीने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को नशा न करने, अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने तथा नशे के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

नशे से दूरी है ज़रूरी 2 .0 अभियान : जन जागरूकता रैली निकाली

नवभारत न्यूज

मैहर 15 जुलाई। पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 15 जुलाई 2026 को जिला पुलिस मैहर द्वारा नशा मुक्ति एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अलाउद्दीन स्टेडियम, मैहर से हुआ। यह रैली कटनी तिराहा, एसबीआई चौराहा, घंटाघर होते हुए पुनः अलाउद्दीन स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में मिनीलैंड स्कूल, संदीपनी स्कूल एवं विवेकानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके अतिरिक्त आधार संस्था, एनसीसी, शौर्य दल, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवम पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति संबंधी संदेश लिखी तख्तियां एवं बैनर लेकर आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा एवं बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक जिलेभर में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के मादक एवं नशीले पदार्थों जैसे गांजा, ब्राउन शुगर, स्मैक, कोरेक्स (नशीली दवाइयों का दुरुपयोग) आदि के संबंध में जानकारी देते हुए इनके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करती है तथा परिवार और समाज दोनों के लिए घातक सिद्ध होती है।

एक नजर में

नप कोटर में मनाया गया नमस्ते दिवस

कोटर । शासन के निर्देशानुसार आज दिनांक 14 जुलाई 2026 को नगर परिषद कोटर द्वारा कार्यालय में नमस्ते दिवस कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण श्रीवास्तव के नेतृत्व में कराया गया जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, सभापति राजेंद्र गौतम एवं पार्षद पंकज कुशवाहा आंनद पाठक, देवराज गोस्वामी और कर्मचारी आयुश सिंह, दिवाकर तिवारी, सतीश साहू, अजय पांडेय, और सभी कर्मचारी उपस्थित रहे प्रभाकर तिवारी उपाध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे नमस्ते योजना के बारे में जानकारी दी साथ ही समस्त सफाई कर्मचारी को नमस्ते योजना PPE कीट वितरण, आयुष्मान कार्ड एवं प्रमाण पत्र द्वारा समस्त सफाई कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। कोटर थाना में पदस्थ आरक्षक रमाकांत त्रिपाठी एवं शिव शक्ति रावत की पदोन्नति आदेश उपरांत थाना स्टॉप ने फित्ती लगाकर पदोन्नति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अजय द्विवेदी सह मीडिया प्रभारी नियुक्त

बिरसिंहपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पत्रकार अजय द्विवेदी को मंडल बिरसिंहपुर (सतना) का सह-मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो उनके कुशल नेतृत्व और पार्टी के प्रति निष्ठा का सम्मान है। यह जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अपनी लेखनी और संगठन कौशल के माध्यम से अजय द्विवेदी पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी ने इस नियुक्ति का स्वागत किया है और उन्हें अपनी सेवाएँ निरंतर जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया है। उनके कुशल मार्गदर्शन में निश्चित ही मंडल की मीडिया टीम नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी।

ग्रामोदय में निकली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति के तत्वावधान में नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कला संकाय के शिक्षा विभाग परिसर से डॉ. श्याम सिंह गौर ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं बैनर लेकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशामुक्त हो हर इंसान, स्वस्थ समाज की पहली पहचान तथा नशा मुक्त भारत, सशक्त भारत जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

नागौद। भारतीय जनता पार्टी जिला सतना विधानसभा नागौद 64 अटरा मंडल में मंडल अध्यक्ष आशीष कुशवाह के नेतृत्व में कल दिनांक 15/07/26को सुबह 11:00 बजे पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का भव्य स्वागत बंदन अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भरहुत मंडल के मंडल अध्यक्ष रजनीश लोधी ,जिले के पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटवारी ,पिछड़ा मोर्चा के सो.मि.प्र. अनिल सैनी , मंडल के महामंत्री सुनील दहिया , युवा मोर्चा बलकेश कुशवाहा ,पप्पू जायसवाल ,अभिषेक उपाध्याय , अनिल त्रिपाठी , राजा दहिया , संत कुमार चौधरी , उत्तम पटेल व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा आज

नवभारत न्यूज

उचेहरा 15 जुलाई। नगर में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है इसी के मद्देनजर रथ यात्रा प्रारम्भ स्थल नरसिंह अखाड़ा से लेकर मुख्य मार्ग तक तोरण द्वार बनाये जा रहे हैं।

अखाड़ा सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नागौद राज परिवार के उचेहरा किला में निवासरत महराज कुमार क्षत्रसाल सिंह जू देव रथ खींच कर ऐतिहासिक रथयात्रा की शुरुआत करेंगे और श्री संकट मोचन मन्दिर में रथ यात्रा का विश्राम होगा । संकट मोचन मंदिर समिति द्वारा सुबह 8 बजे मन्दिर से अखाड़ा तक श्रंगार यात्रा निकाले जाने का निश्चय किया है इस यात्रा में समिति ने अधिक से अधिक भक्त जनों से पहुंचने की अपील की है।

बड़ा अखाड़ा रंगीन लाइटों से सजा-रथ यात्रा को निकलते भले ही अभी महज 4 वर्ष हो रहे हैं लेकिन जिस तरह से इस यात्रा को लेकर आयोजन कर्ताओ ,नगर और क्षेत्र वासियो में उत्साह है उसको देख ऐसा लगता है कि यह नगर की पुरानी परम्पराओ में से एक है चाहे नगर परिषद की बात करें और चाहे पुलिस प्रशासन का सब का अभूत पूर्व सहयोग रहता है ऐसा भी देखा गया है रथ यात्रा के मार्ग पर पूरी सड़क की सफाई और धुलाई नगर परिषद द्वारा की गई होती है , सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम होते हैं नरसिंह अखाडा (बडा अखाड़ा) की विशेष सजावट दो दिन पूर्व से चल रही है इसी तरह श्री संकट मोचन मंदिर प्रांगण को भी सजाया जा रहा है।

कोठी नगर में जगह-जगह अतिक्रमण, देखने वाला कोई नहीं

नवभारत न्यूज

कोठी 15 जुलाई। जहां मर्जी हो वही कर लो अतिक्रमण यह कोठी नगर है यहां देखने सुनने वाला कोई है ही नहीं इसलिए कोठी आओ और जो मर्जी पड़े वह कर लो चाहे अतिक्रमण हो अथवा और कुछ भी जी हां यह बात बिल्कुल सत्य एवं सटीक है ।

कोठी नगर में अब आपको जगह-जगह अतिक्रमण देखने को मिलेगा चाहे वह नदी हो अथवा नाला तालाब हो या सड़क सभी जगह लोगों की मनमानी इतनी हावी है कि वह अब किसी को मानते भी नहीं है और माने भी क्यों जब कोई यहां देखने और सुनने वाला हो तब तो ऐसी बात सामने आए जब कोठी नगर में कोई भी जिम्मेदार है ही नहीं तो ऐसे हालातो का होना लाजमी है तभी तो आज कोठी की गली मोहल्लों से लेकर मुख्य सड़क तक मनमानी रूप से अतिक्रमण है।

कोठी में अतिक्रमण के चलते समस्याओं का अंबार लगा हुआ है एक ओर मुख्य सड़क की नालियों के बाहर तक जहां अतिक्रमण आ चुका है वहीं कोठी के बाजार में मनमानी रूप से अतिक्रमण इस कदर हावी है कि लोग सड़क पर भी अब निर्माण कार्य करवा रहे हैं और अपनी दुकान सजा रहे हैं जिससे निकलने के लिए सही तरीके से रास्ता नहीं बचता है जिससे आवागमन प्रभावित होता है और पूरे दिन जाम की स्थिति बनती है यात्री राहगीरों को इससे काफी समस्या आती है यदि कोई गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति कोठी बाजार से निकलना चाहे तो वह सही समय पर अस्पताल भी नहीं पहुंच सकता क्योंकि कोठी के झाली चौराहे से लेकर कोठी बस स्टैंड तक पूर्ण रूप से मनमानी अतिक्रमण फैला हुआ है जिससे सड़क काफी सकरी हो चुकी है जिससे वाहन आमने-सामने से सही ढंग से नहीं निकल पाते यही हालत कोठी के तालाब में भी निर्मित हो चुके हैं बस स्टैंड के भी हालत किसी से छुपे हुए नहीं है वहां भी चारों ओर ठेले गुमतियों ऑटो वालों की धमा चौकड़ी मची रहती है जिससे आवागमन पूरी तरह से प्रभावित रहता है और बस स्टैंड होने का भी कोई मतलब नहीं निकलता है।

लखवार में केजेएस सीमेन्ट का चिकित्सा शिविर आयोजित

डेढ़ सौ से अधिक ग्रामीणों ने लिया चिकित्सा लाभ

नवभारत न्यूज

सतना 15 जुलाई। केजेएस सीमेन्ट राजनगर ने समीपस्थ गांव लखवार में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर लगाया। लगभग 178 ग्रामीणों ने मंगलवार को आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया और कम्पनी की ओर से उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों का निशुल्क परामर्श और दवाएं प्राप्त कीं।

केजेएस मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष देवेन्द्र माथुर ने बताया कि इस शिविर का मकसद ग्रामीणों के स्वास्थ्य की निरंतर देखभाल एवं उन्हें मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। उल्लेखनीय है कि लखवार, अमिलिया, परसोखा एवं गिरगिटा- यह सभी ग्राम अब मैहर शहर के वार्ड नंबर 23 के तहत आ गये हैं। केजेएस कम्पनी हर माह-दो-माह में आसपास के क्षेत्र में ऐसे शिविर लगाती रहती है । लखवार के इस स्वास्थ्य शिविर में कंपनी के चिकित्सक डॉ टीएस बघेल एवं मेट्रो हास्पिटल जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं उनकी पांच सदस्यीय टीम ने अपनी विशेष सेवाएं दीं। बदलते मौसम की इस ऋतु में बीमारियों की बा? सी आई हुई है। इस मौके पर लगे स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने भरपूर लाभ उठाया ! शिविर में इस बात का ध्यान रखा गया कि मरीजों को दवा का परचा लिख कर देने की बजाय सारी दवाइयाँ शिविर से ही निशुल्क प्रदान की जायें। सुगर, बीपी एवं ईसीजी जांच की व्यवस्था भी शिविर में कराई गई। प्रत्येक मरीज को सेव फल एवं बिस्कुट का पैकेट भी दवाओं के साथ दिया गया। चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में वार्ड नं 23 की पार्षद श्रीमती रितु कोल, लखवार शासकीय स्कूल की प्रधान अध्यापिका श्रीमती सीमा तिवारी, महेंद्र विश्वकर्मा, अनिल तिवारी, स्थानीय समाजसेवी विजय पटेल, केजेएस के एचआर महाप्रबंधक जेके झा, मनीष सिंह मोनू, विजय सोनी, सिक्योरिटी आफीसर अजयकांत त्रिपाठी एवं जनसंपर्क प्रबंधक निरंजन शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

जमीन विवाद में नशे में धुत युवक ने महिलाओं को धमकाया

नवभारत न्यूज

कोटर 15 जुलाई। जिले के बिरसिंहपुर क्षेत्र के ग्राम बांधी में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां जमीनी विवाद के बहाने नशे में धुत एक युवक ने घर की मर्यादा और सुरक्षा को तार-तार कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि राहुल सिंह नामक व्यक्ति ने घर में पुरुषों की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर जबरन प्रवेश किया।

आरोप है कि नशे की हालत में राहुल सिंह ने घर में मौजूद महिलाओं और बच्चों के साथ न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। यह घटना तब घटी जब उक्त भूमि का सीमांकन मामला पटवारी द्वारा पहले ही तकनीकी कारणों से अमान्य घोषित किया जा चुका था और अगली प्रक्रिया के लिए पंचायत के स्पष्ट निर्देश थे कि निर्णय घर के मुखियाओं की मौजूदगी में लिया जाएगा।

पंचायत के इस निर्णय और प्रशासनिक निर्देशों की सरेआम अवहेलना करते हुए, आरोपी ने जिस तरह से परिवार को आतंकित किया है, वह कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। डरे हुए पीड़ित परिवार ने सभापुर थाना, महिला थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है।